# इन्फ़्लुएंज़ा (फ़्लू) सामान्य प्रश्न

*इन्फ़्लुएंज़ा या "फ़्लू" एक ऐसा संक्रामक रोग है जो आमतौर पर अमेरिका और उसके क्षेत्रों में अक्टूबर से मई तक के दौरान फैलता है.*

*इस वर्ष आपको फ़्लू से सुरक्षित बनाए रखने में सहायता के लिए फ़्लू से संबंधित कुछ सामान्य प्रश्न और उत्तर यहां बताए गए हैं.*

## फ़्लू कैसे फैलता है?



फ़्लू मुख्य रूप से फ़्लू से पीड़ित लोगों के खांसने, छींकने या बात करने पर बनी छोटी बूंदों से फैलता है.

## फ़्लू के संकेत और लक्षण क्या हैं?

जिन लोगों को फ़्लू होता है वे अक्सर इनमें से कुछ या सभी लक्षण महसूस करते हैं: बुखार या बुखार/ठंड लगना, खांसी, गले में खराश, बहती या भरी हुई नाक, मांसपेशियों या शरीर में दर्द, सिरदर्द, थकान और कभी-कभी उल्टी और दस्त (वयस्कों की तुलना में बच्चों में अधिक आम बीमारी है).



## मुझे कब वैक्सीन लगवाना चाहिए?

फ़्लू का मौसम आमतौर पर अक्टूबर से मई तक होता है. फ़्लू के पूरे मौसम में सुरक्षित बने रहने के लिए फ़्लू की वैक्सीन लगवाने का सबसे सही समय पतझड़ या ठंड के दौरान होता है.



## मुझे फ़्लू की वैक्सीन क्यों लगवाना चाहिए?

फ़्लू की वैक्सीन लगवाना स्वयं को और अपने प्रियजनों को फ़्लू और इससे जुड़ी जटिलताओं से बचाने का सबसे अच्छा तरीका है. यह फ़्लू से संबंधित बीमारी, अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु के जोखिम को भी कम कर सकता है.

फ़्लू की वैक्सीन से होने वाले लाभ पर अधिक जानकारी के लिए, यहाँ जाएँ: cdc.gov/flu/prevent/vaccine-benefits.htm

## फ़्लू की वैक्सीन किसे लगवाना चाहिए?

फ़्लू की वैक्सीन हर व्यक्ति को लगवाना चाहिए. सेंटर फ़ॉर डिसीज़ कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (CDC) फ़्लू के हर मौसम में 6 माह और इससे अधिक उम्र के सभी लोगों को वैक्सीन लगवाने की अनुशंसा करता है, विशेष रूप से जिन्हें फ़्लू होने का अधिक खतरा होता है. गर्भवती महिलाओं के लिए भी फ़्लू की वैक्सीन की अनुशंसा की जाती है.

## फ़्लू होने का खतरा किसे होता है?

फ़्लू किसी को भी हो सकता है, लेकिन यह अतिसंवेदनशील आबादी जैसे शिशुओं एवं छोटे बच्चों, 65 वर्ष और इससे अधिक उम्र के लोगों, गर्भवती महिलाओं और कुछ खास स्थितियों या कमज़ोर रोग-प्रतिरोधक प्रणाली वाले लोगों के लिए ज़्यादा खतरनाक है. फ़्लू से संबंधित गंभीर बीमारी को रोकने का सबसे अच्छा तरीका हर साल फ़्लू की वैक्सीन लगवाना है.

## फ़्लू की वैक्सीन के विभिन्न प्रकार कौन से हैं?

फ़्लू की वैक्सीन आमतौर पर एक इंजेक्शन या हाथ में लगाए जाने वाले शॉट या नाक में डाले जाने वाले स्प्रे के रूप में दी जाती हैं. फ़्लू शॉट 6 महीने और उससे अधिक उम्र के बच्चों और व्यक्तियों के लिए अनुमोदित होता है। 2 से 49 वर्ष की आयु के लोगों के लिए नेज़ल स्प्रे (नाक में डाला जाने वाला स्प्रे) को मंजूरी दी गई है। विभिन्न फ़्लू शॉट उपलब्ध हैं जो निर्माता के आधार पर अलग-अलग होते हैं.



*CDC मौसमी फ़्लू वैक्सीन पर अधिक जानकारी यहाँ पाई जा सकती है:* cdc.gov/flu/prevent/flushot.htm

***स्रोत:*** Centers for Disease Control and Prevention (cdc.gov)

APIAHF
ASIAN & PACIFIC ISLANDER AMERICAN HEALTH FORUM

This publication was made possible by cooperative agreement CDC-RFA-IP21-2106 from the Centers for Disease Control and Prevention of the U.S. Department of Health and Human Services (HHS).
Its contents are solely the responsibility of the authors and do not necessarily represent the official views of CDC/HHS.

# इन्फ़्लुएंज़ा (फ़्लू)
# अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

## एक फ़्लू वैक्सीन की लागत कितनी होती है?



फ़्लू वैक्सीन की लागत आपके स्वास्थ्य देखभाल कवरेज पर निर्भर करेगी. आप अपनी बीमा कंपनी से यह पूछने के लिए संपर्क कर सकते हैं कि फ़्लू की वैक्सीन कहाँ कम या बिना किसी कीमत के कवर की जाती हैं. इसके अतिरिक्त, स्थानीय स्वास्थ्य विभाग और हेल्थ सेंटर मुफ़्त या कम लागत वाले वैक्सीनेशन ऑफ़र कर सकते हैं.
अधिक जानकारी के लिए, आप हमारी वैक्सीनेशन लागत और फ़्लू संबंधी मार्गदर्शिका की समीक्षा कर सकते हैं: aa-nhpihealthresponse.org

## क्या मुझे वैक्सीन लगवाने के बाद दुष्प्रभावों का अनुभव होगा?



फ़्लू वैक्सीन सुरक्षित और प्रभावी हैं. कुछ लोगों को वैक्सीन लगवाने के बाद मामूली दुष्प्रभावों का अनुभव होता है जैसे हाथ में दर्द, हल्का बुखार और दर्द, जो कुछ दिनों के बाद ठीक हो जाते हैं.

## क्या मैं एक साथ COVID-19 और फ़्लू की वैक्सीन लगवा सकता हूँ?

अगर कोई मरीज़ इसके लिए पात्र है, तो फ़्लू और COVID-19 टीके दोनों को एक ही विज़िट में लगवाया जा सकता है, जैसा कि CDC और प्रतिरक्षण प्रथाओं पर इसकी सलाहकार समिती (ACIP) द्वारा अनुशंसित किया गया है.

## मैं फ़्लू की वैक्सीन कहाँ लगवा सकता हूँ?

आप निम्न में से किसी भी स्थान पर अपनी फ़्लू वैक्सीन लगवा सकते हैं:

- प्राथमिक देखभाल चिकित्सक
- तत्काल देखभाल/मिनट क्लीनिक
- संघीय योग्यता प्राप्त स्वास्थ्य केंद्र
- ग्रामीण स्वास्थ्य क्लीनिक
- मूल हवाईयन स्वास्थ्य केंद्र
- भारतीय स्वास्थ्य सेवा
- स्थानीय स्वास्थ्य विभाग
- फ़ार्मेसी
  (जैसे कि, Walmart, Walgreens, CVS, Rite-Aid)



## फ़्लू और COVID-19 के बीच क्या अंतर है?

फ़्लू और COVID-19 दोनों संक्रामक श्वसन रोग हैं, लेकिन वे अलग-अलग वायरस के कारण होते हैं. COVID-19 एक कोरोनवायरस (जिसे SARS-CoV-2 कहा जाता है) के संक्रमण के कारण होता है और फ़्लू कई इन्फ़्लुएंज़ा वायरस के संक्रमण के कारण होता है जो हर साल लोगों में फैलते हैं।



***स्रोत:***Centers for Disease Control and Prevention (cdc.gov)

APIAHF
ASIAN & PACIFIC ISLANDER
AMERICAN HEALTH FORUM

अतिरिक्त AA और NH/PI अनुवादित संसाधनों के लिए,
कृपया हमारे राष्ट्रीय AA और NH/PI स्वास्थ्य प्रतिक्रिया भागीदारी वेबपेज पर यहाँ जाएँ: www.AA-NHPIHealthResponse.org

This publication was made possible by cooperative agreement CDC-RFA-IP21-2106
from the Centers for Disease Control and Prevention of the U.S. Department of Health and Human Services (HHS).
Its contents are solely the responsibility of the authors and do not necessarily represent the official views of CDC/HHS.